**खबर संक्षेप**

## पॉक्सो अधिनियम एवं मिशन वात्सल्य योजना पर जन जागरूकता कार्यक्रम

**शहडोल।** महिला एवं बाल विकास विभाग शहडोल की ओर से डीएचईडब्ल्यू नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक श्रीमती संजीता भगत के नेतृत्व में कल्याणपुर आंगनवाड़ी केंद्र में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 तथा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रीमती भगत ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के साथ बच्चों को गुड टच एवं बैड टच की पहचान और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के महत्व की जानकारी दी। साथ ही मिशन वात्सल्य योजना के तहत संचालित फॉस्टर केयर एवं स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी भी साझा की गई। उन्होंने बताया कि जरूरत पडऩे पर 1098 नंबर पर कॉल कर बच्चों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित किया जा सकता है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आईसीपीएस शहडोल से सुमित्रा बैगा तथा वन स्टॉप सेंटर से श्रीमती पप्पू प्रजापति और श्रीमती रेनू श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## ग्रामीणों और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने उठाई भ्रष्टाचार की जांच की मांग



**शहडोल।** जिले में पंचायत स्तर से लेकर जमीन विवाद तक भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों ने सियासी माहौल को गरमा दिया है। एक ओर ग्राम पंचायत रामपुर के ग्रामीणों ने सरपंच पति राम शनि सिंह और सचिव संजय बैगा पर गंभीर आरोप लगाते हुए निर्माण कार्यों में गड़बड़ी और फर्जी भुगतान का मुद्दा उठाया है। वहीं दूसरी ओर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी युवा मोर्चा ने आदिवासी भूमि पर हो रहे कथित कब्जे और अवैध विक्रय को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्राम पंचायत रामपुर के ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नाली और शौचालय निर्माण जैसे कई कार्यों के लिए राशि तो निकाल ली गई, लेकिन धरातल पर काम अधूरा छोड़ दिया गया। पत्र में कई ग्रामीणों के नाम दर्ज हैं जिनके नाम पर भुगतान हुआ, जबकि उनके यहां कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों ने मांग की कि पंचायत खातों की जांच कर तुरंत जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी युवा मोर्चा ने आरोप लगाया कि बुढ़ार तहसील के बैगापुर ग्राम में आदिवासियों की पुश्तैनी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर उसे बेचा जा रहा है। पार्टी का कहना है कि 2003 से लेकर हाल के वर्षों तक जमीन के रकबे में हेरफेर कर बार-बार फर्जी रजिस्ट्रियां की गईं। जून-जुलाई 2025 में भी इसी तरह की अवैध गतिविधि सामने आई है। ज्ञापन में मांग की गई कि आदिवासी जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। दोनों मामलों ने जिले में प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण और संगठन एकमत हैं कि जांच के बिना इन प्रकरणों को दबाना आदिवासी समाज और गांव के विकास के साथ अन्याय होगा।

## जयसिंहनगर रेंज के देवरा एवं लखनपुर बीट में जंगली हाथियों का भ्रमण

**शहडोल।** वनमण्डलाधिकारी उत्तर वन मण्डल शहडोल ने बताया है कि जयसिंहनगर रेंज के ग्राम देवरा एवं लखनपुर बीट में चार-पांच जंगली हाथियों का समूह भ्रमण कर रहा है। वन विभाग की टीम उनके विचरण पर नजर बनाए हुए है। साथ ही वन विभाग की टीम द्वारा आस-पास के ग्रामों में हाथियों के विचरण की सूचना देने के साथ ही सावधानी बरतने की अपील भी ग्रामीणों से की जा रही है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई है कि हाथियों की आवाज व हलचल की जानकारी मिलते ही जानकारी वन विभाग के अमले को दें।

**करोड़ों के भ्रष्टाचार की फाइलें दबाई गई**

# शहडोल शिक्षा विभाग का 'पेंट घोटाला'

### कार्रवाई से बचते अधिकारी, जनता में आक्रोश


**शहडोल।** जिले का शिक्षा विभाग इन दिनों जमकर सुर्खियों में है। वजह है पेंट और मेंटेनेंस घोटाला जिसने शिक्षा के मंदिर को भी भ्रष्टाचार की मंडी बना दिया है। आरोप है कि जिला शिक्षा अधिकारी, रमसा के एपीसी और प्राचार्यों ने मिलकर मजदूरों और कोठारियों के नाम पर फर्जी भुगतान दिखाकर लाखों रुपये का गबन किया। यही नहीं, पूरे घोटाले की जांच रिपोर्ट भी महीनों से दबाकर रखी गई है ताकि दोषियों को बचाया जा सके। वर्ष 2023-24 में मॉडल स्कूल उपसमरकुंडी सहित कई संस्थानों में पेंटिंग और मरम्मत के नाम पर 168 मजदूरों और दर्जनों कोठारियों के नाम पर भुगतान दिखाया गया। दस्तावेज़ों में लगभग 15 लाख रुपये का हिसाब किताब पेश किया गया, जबकि जमीनी स्तर पर न तो मजदूर दिखे, न ही कोई काम। फर्जी बिल लगाकर पूरा खेल सिर्फ कागजों पर निपटा दिया गया।

### सुधाकर कंस्ट्रक्शन का खेल

इस घोटाले में सबसे बड़ा नाम सुधाकर कंस्ट्रक्शन का है, बताया जाता है कि वर्ष 2022 से लेकर 2025 तक लगभग 4 करोड़ रुपये से अधिक का काम सिर्फ इसी एक फर्म को दिया गया। सवाल उठता है कि क्या जिले में एक ही ठेकेदार है? आरोप यह भी है कि रमसा एपीसी अरविंद पांडे और सुधाकर कंस्ट्रक्शन के बीच गहरी रिश्तेदारी है। यही कारण है कि फर्जी बिल लगाकर हर साल करोड़ों की बंदरबांट होती रही और जिले के अधिकारी आँख मूँदकर इस खेल में शामिल रहे।

### जांच रिपोर्ट दबाकर बैठे अधिकारी

लोक शिक्षण संचनालय भोपाल ने शिकायतों को गंभीर मानते हुए पांच सदस्यीय समिति गठित की थी। जांच भी पूरी हुई और रिपोर्ट संयुक्त संचालक उमेश धुर्वे को सौंपी गई। नियम के मुताबिक यह




रिपोर्ट कमिश्नर को भेजी जानी थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद फाइल संयुक्त संचालक की टेबल से आगे ही नहीं बढ़ी। आरोप हैं कि उमेश धुर्वे खुद जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची के रिश्तेदार हैं, जबकि सुधाकर कंस्ट्रक्शन और अरविंद पांडे का भी आपसी नाता है। ऐसे में रिपोर्ट को दबाना कहीं न कहीं रिश्तेदारी बचाने और भ्रष्टाचार को ढाल देने जैसा है।

### जनसुनवाई और शिकायतें भी बेमानी

इस पूरे मामले की शिकायत 26 अगस्त 2025 को जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई गई थी (क्रमांक 34104304)। शिकायतकर्ताओं ने कमिश्नर से लेकर उच्च स्तर तक बार-बार गुहार लगाई, लेकिन नतीजा सिर्फ कागजी खानापूर्ति। न जांच पूरी हुई, न दोषियों पर कोई कार्रवाई। यही नहीं, अब शिकायतकर्ता इस मामले को साक्ष्यों के साथ उच्च न्यायालय तक ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।

### कमलेश मिश्रा पर भी गंभीर आरोप

इतना ही नहीं मॉडल हायर सेकेंड्री स्कूल खडुली, ब्यौहारी के पूर्व प्रभारी प्राचार्य कमलेश मिश्रा पर भी लगभग 15 लाख रुपये का गबन करने का








आरोप है। बिल क्रमांक 264 से 268 तक, 2 लाख से लेकर 5 लाख तक की राशि का भुगतान बिना टेंडर/कोटेशन के सीधे सुधाकर कंस्ट्रक्शन के नाम से कर दिया गया। जबकि सच्चाई यह है कि स्कूल परिसर में कोई सामग्री खरीदी ही नहीं गई। एक ही सामान को अलग-अलग बिलों में दिखाकर भुगतान निकाला गया और 90 से 95 प्रतिशत राशि बिना काम कराए हड़प ली गई।

### शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़

ग्रामीण और सामाजिक संगठन खुलकर कह रहे हैं कि यह सिर्फ पैसों की चोरी नहीं है, बल्कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। शिक्षा विभाग के अधिकारी गरीब बच्चों के हक का पैसा अपनी तिजोरियों में भर रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि बच्चों के नाम पर मिलने वाली राशि से स्कूलों का रखरखाव होना चाहिए, लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत ने पूरा







सिस्टम खोखला कर दिया है।

### मुख्यमंत्री से कड़ी कार्रवाई की मांग

शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक शिक्षण संचनालय से मांग की है कि संयुक्त संचालक उमेश धुर्वे, डीईओ फूल सिंह मारपाची और रमसा एपीसी अरविंद पांडे पर एफआईआर दर्ज की जाए। सुधाकर कंस्ट्रक्शन की जांच आयकर और बिक्री कर विभाग से कराई जाए। कमलेश मिश्रा और अन्य प्राचार्यों को सेवा से पृथक कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।जांच रिपोर्ट को तुरंत सार्वजनिक किया जाए और फाइल दबाने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो।

### जनता का आक्रोश और प्रशासन पर सवाल

जिले के लोग पूछ रहे हैं कि जब इतने ठोस साक्ष्य मौजूद हैं तो आखिरकार कार्रवाई क्यों नहीं हो







रही? क्या रिश्तेदारी और सियासी दबाव भ्रष्टाचारियों की ढाल बन गए हैं? क्या शिक्षा विभाग सिर्फ घोटालों का अड्डा बन चुका है? जिले का यह पेंट घोटाला अब केवल शिक्षा विभाग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गहरे सवाल खड़े कर रहा है। अगर अब भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती तो जनता का भरोसा तंत्र से पूरी तरह उठ जाएगा और भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण मिलने का संदेश जाएगा।

## कर्ज से परेशान युवक ने की खुदकुशी



**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने सोमवार की सुबह तकरीबन 11 बजे अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों के अनुसार युवक के ऊपर लाखों रुपये का कर्जा हो गया था, जिसके चलते उसने फंदा लगाकर जान दे दी। सोहागपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और इस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक राहुल गुप्ता पिता राम सुंदर गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रीवा होटल के सामने सिपला कंपनी में एमआर के तौर पर काम करता था। यह जल्दी ही करोड़पति बनने के चक्कर में इंटरनेट पर खेले जाने वाले ऑलाइन गेम के चंगुल में फंस गया और लाखों रुपये का कर्ज इसने ले लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार कर्जदारों ने पैसा मांगना शुरू किया तो परेशान होकर राहुल ने सोमवार की सुबह फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कर्जदार राहुल को प्रताड़ित कर रहे थे और उसी के चलते परेशान होकर उसने इस तरह का कदम उठाया है। हालांकि सोहागपुर थाने की पुलिस घर वालों के बयान दर्ज कर रही है और पूरी कार्रवाई के बाद ही पुलिस कुछ बताने की स्थिति में होगी। घटना के बाद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे और माता-पिता को सांत्वना दी। राहुल कुंवारा था और अपने माता-पिता के साथ ही रहता था। इस घटना के बाद लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

**इनका कहना है...**

युवक ने अपने घर में ही पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या की है। इसका कारण कर्ज बताया जा रहा है। अब जानकारी और पूछताछ के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

**भूपेंद्र मणि पांडे, थाना प्रभारी, सोहागपुर**

## कलेक्टर ने फिरदौश खान उर्फ भैया को किया निष्कासित

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.केदार सिंह ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त होने पर थाना बुढार अंतर्गत धनपुरी वार्ड नम्बर 1 निवासी फिरदोश खान उर्फ भैया पिता महमूद खान को म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1, धारा-5 की कंण्डिका (क) एवं (ख) तथा सहपठित धारा 7 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों के तहत चतुर्दिक राजस्व सीमा तथा सीमा से लगे हुये म.प्र. राज्य के जिलों सीधी, मैहर, उमरिया, एवं अनूपपुर चतुर्दिक राजस्व की सीमाओं से 06 माह की कालावधि के लिये निष्कासित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है अनावेदक इस आदेश की प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर विनिर्दिष्ट जिलों से बाहर जाकर अपने आचरण में सुधार करें। आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि में अनावेदक बिना मेरी लिखित अनुमति के उपरोक्त निर्दिष्ट जिलों की सीमाओं के अंदर प्रवेश नही करेगा। आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। निष्कासन आदेश 06 माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा।

## पुलिया ध्वस्त होने से टूटा न्यू बरौधा का संपर्क, हजारों लोग बेहाल



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी नगर के वार्ड क्रमांक 09 न्यू बरौधा और मुख्य नगर का संपर्क पिछले दो दिनों से ठप्प पड़ा है। वजह है भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई पुलिया, जो अब आधी टूटकर जानलेवा साबित हो रही है। इस पुलिया पर आवागमन पूरी तरह से बंद हो चुका है, जिसके चलते बाणसागर विस्थापित परिवारों समेत हजारों की आबादी अलग-थलग पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। स्कूल जाने वाले कई छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर नाले को पार कर रहे हैं। नगर पालिका ने हालांकि बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद करने की औपचारिकता निभाई है, लेकिन इसके बावजूद लोग मजबूरी में खतरा मोल लेने पर विवश हैं। जानकारी के अनुसार, यह पुलिया वर्ष 2003 में बनाई गई थी। परंतु उसके बाद से आज तक किसी तरह का रख-रखाव या मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। नतीजतन भारी बारिश में पुलिया ध्वस्त होकर ब्योहारी और न्यू बरौधा का जीवन ठप कर चुकी है। वार्ड पार्षद धर्मेन्द्र सिंह और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मांग की है कि क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण युद्धस्तर पर किया जाए और जब तक नई पुलिया नहीं बनती तब तक वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए, ताकि हजारों लोग राहत की सांस ले सकें। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद नगरपालिका और प्रशासन अब तक मौके पर सक्रिय नहीं हुए हैं। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।

## दोस्त की मौत पर भाग खड़े हुए साथी, पुलिस जांच में जुटी



**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र स्थित केलमनिया डैम रविवार को सनसनीखेज घटनाक्रम का गवाह बना। पिकनिक मनाने पहुंचे तीन दोस्तों की मौज-मस्ती तब मौत के खेल में बदल गई जब एक युवक गहरे पानी में डूब गया और उसके दोनों साथी मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तीनों युवक शराब के नशे में धुत होकर डैम किनारे बैठे थे। इसी दौरान एक युवक का पैर फिसला और वह पानी में जा गिरा। हादसा होते ही उसके दोनों साथी न तो मदद के लिए आगे आए और न ही पुलिस या ग्रामीणों को सूचना दी, बल्कि वहां से भाग खड़े हुए। डैम पर मौजूद मछुआरों ने जब यह नजारा देखा तो उन्हें पूरा मामला संदिग्ध लगा। ग्रामीणों ने तत्काल सिंहपुर थाना पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस बल और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और घंटों के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि आखिर हादसे के वक्त मृतक के साथ मौजूद दोनों साथी कौन थे? उन्होंने दोस्त को बचाने की कोशिश क्यों नहीं की और सच छुपाने के लिए वे मौके से क्यों भाग गए? इस पूरे घटनाक्रम ने इलाके में सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर दोनों युवक हिम्मत दिखाते और तुरंत मदद करते तो शायद एक जान बचाई जा सकती थी।

**इनका कहना है...**

मृतक युवक अपने दो दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था। हादसे के बाद उसके साथी भाग निकले। शव बरामद कर लिया गया है, मर्ग कायम कर जांच की जा रही है और फरार युवकों की तलाश की जा रही है।

**एम.एल. रहंगडाले**
**थाना प्रभारी, सिंहपुर**

## नकली सोना दिखाकर लाखों की ठगी





### पाली पुलिस ने चंद घंटों में किया बड़ा खुलासा 4.50 लाख नगद और बोलेरो वाहन जब्त, मुख्य आरोपी राजेश बहेलिया फरार

**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने नकली सोने के सहारे लाखों की ठगी करने वाले एक अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़ किया है। फरियादी संतराम सोनी, निवासी राजकिशोर नगर, थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को दबोच लिया, जबकि मास्टरमाइंड अब भी फरार है। मुख्य आरोपी राजेश बहेलिया (फरार) करीब एक माह पूर्व फरियादी के घर कंठी-माला बेचने के बहाने पहुंचा। वहीं उसकी जान-पहचान बढ़ी और उसने बताया कि एक 'तांत्रिक बाबा' को लगभग 60 ग्राम गड़ा हुआ पुराना सोना मिला है, जिसे वह सस्ते दामों में दिला सकता है। राजेश की बातों में आकर फरियादी ने अपना मोबाइल नंबर दे दिया। इसके बाद लगातार फोन पर बातचीत होती रही और 1 सितंबर को सौदे के लिए पाली बुलाया गया। निर्धारित दिन राजेश अपने साथियों के साथ एनएच-43 स्थित कमला नरसिंग होम के पास बोलेरो वाहन से पहुंचा। आरोपियों ने पोटली से असली सोने की एक टिकली दिखाकर भरोसा जीत लिया। इसके बाद फरियादी ने ?4,50,000 नगद सौंप दिए। रकम मिलते ही आरोपी मौके से निकल गए। बाद में जब फरियादी ने पोटली खोली तो उसमें रखी सभी टिकलीयाँ नकली निकलीं।

**पुलिस की त्वरित घेराबंदी**

फरियादी तत्काल थाना पाली पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने साइबर तकनीक की मदद से घेराबंदी की और कुछ ही घंटों में गिरोह के सदस्य गिरफ्तार कर लिए। इनमें शामिल हैं, बुद्धुलाल कोल पिता फुलचंद कोल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया कला, थाना बरही, जिला कटनी, अबसलाल बहेलिया पिता फत्तूलाल बहेलिया उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मुदरिया, थाना पाली, जिला उमरिया, एक आपचारी बालक जबकि मुख्य आरोपी राजेश बहेलिया अब भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 4,50,000 नगद बरामद किए और घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को ज़ब्त कर लिया है।

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई**

इस पूरी कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक उमरिया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा एसडीओपी पाली एस.सी. बोहित के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। इसमें थाना प्रभारी राजेशचंद्र मिश्रा, उप निरीक्षक विजय सेन, उप निरीक्षक बाल्मिकी प्रजापति, प्रधान आरक्षक रबी धुर्वे, आरक्षक स्वाति जैन एवं साइबर सेल के संदीप की सराहनीय भूमिका रही। मामले में पंजीबद्ध किया गया है और आरोपियों पर भादंवि की धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरोह से पूछताछ जारी है और उनकी अन्य आपराधिक गतिविधियों का भी खुलासा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### ई- कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषि यंत्र के लिए लक्ष्य निर्धारित

**उमरिया।** सहायक कृषि यंत्री ने बताया कि ई कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषि यंत्र के लक्ष्य प्रदाय किए गए है । आवेदन पोर्टल पर आमंत्रित किए जा रहे है। प्राप्त आवेदनो के आधार पर लक्ष्य निर्धारण किया जाएगा एवं पृथक से लॉटरी की सूचना प्रकाशित की जाएगी। उन्होने बताया कि कृषि यंत्र हैप्पी सीडर,सुपर सीडर,स्मार्ट सीडर के लिए 4500 रू0, श्रेडर/मल्चर के लिए 5500रू0 , जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल के लिए 3 हजार, बेलर के लिए 15 हजार रूपये, हे रेक,स्ट्रा रेक के लिए 5 हजार रूपये तथा स्लेशर के लिए 2 हजार रूपये का डिमांड ड्राप्ट लगेगा । कृषक स्वयं के बैंक खाते से धरोहर राषि का डिमांड ड्राप्ट संबंधित सहायक कृषि यंत्री उमरिया के नाम पर बनवाकर आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए 8839624498 सहायक कृषि यंत्री से संपर्क कर सकते है।

### कर्मचारियों को कर्तव्य स्थल पर मादक पदार्थों का सेवन करना प्रतिबंधित

**उमरिया।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्तपाल अधीक्षक ने बताया कि सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अनुसार शासकीय कर्मचारियो को कर्तव्य स्थल पर शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर कार्य करना प्रतिबंधित है। जिला चिकित्सालय उमरिया में पदस्थ समस्त विशेषज्ञो /चिकित्सको एवं कर्मचारियो (नियमित / संविदा/आउटसोर्स) को निर्देषित किया है कि शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थो का सेवन कर डियूटी न करे । शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थो का सेवन किये हुये कर्मचारियो का सबसे पहले मेडिकल परीक्षण कराया जायेगा एवं दोषसिद्ध होने पर कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक / दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जबावदारी कर्मचारी की स्वंय की होगी।

### नगर में धूमधाम से मनाया गया भगवान गणेश का छठी उत्सव



**कोतमा।** घरों के साथ ही पंडालों में लोगों ने उत्साह के साथ 56 प्रकार के पकवान तैयार कर भगवान गणेश को प्रसाद लगाकर उनकी पूजा-अर्चना की। पूरे दिन और देर रात तक यह कार्यक्रम होते रहे। महिलाओं ने जमकर नृत्य भी किया। ढोल नगाड़े बजाकर लोगों ने खुशी का इजहार भी किया। पटाखे भी फोडे गए। नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गणपति उत्सव के छठी का पर्व बेहद धूमधाम से मनाया गया। बूढ़ी माता मंदिर में महिलाओं ने ढोल नगाड़े की धुन पर नृत्य किया और अपनी खुशी का इजहार किया। नगर के आजाद चौक रेलवे कॉलोनी दफाई टोला भट्ठी टोला पीपल चौक शिशु भारती स्कूल के पास बाजे गाजे की धुन पर गणेश भगवान की छठी मनाई गई। छठी का पर्व मनाने के लिए नगर के बस स्टैंड के पास गणेश मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद लगाया गया। बारिश होने के बावजूद लोग मंदिरों में पहुंचे और भगवान गणपति को श्रद्धा के साथ शीश झुकाते हुए पूजा अर्चना की। गणेश मंदिर के पुजारी ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान छठी का पर्व मनाने का एक अलग ही अंदाज है और यह परंपरा कई दिनों से चली आ रही है जिसका लोगों ने निर्वहन किया है। गणेश उत्सव को लेकर नगर मे युवा और बच्चों में भी खासा उत्साह रहता है। स्थापना से लेकर विसर्जन तक युवाओं की टोलियां लगी रहती हैं।

## भव्य स्वागत ने दिखाई कांग्रेस संगठन की एकजुटता और मजबूती

# अजय अवस्थी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश





**शहडोल।** जिले की राजनीति में मंगलवार का दिन कांग्रेस के लिए शक्ति प्रदर्शन का दिन साबित हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय अवस्थी के प्रथम नगर आगमन पर बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत कर अपनी ताकत का अहसास कराया। कटकोना तिराहा से लेकर नगर के विभिन्न चौक-चौराहों तक सैकड़ों वाहनों का काफिला और कार्यकर्ताओं की भीड़ कांग्रेस के भीतर नए जोश और उत्साह का संकेत दे रही थी।

### विशाल वाहन रैली और स्वागत समारोह

सुबह से ही बुढ़ार ब्लॉक के कार्यकर्ता समूहों में जुटने लगे। कटकोना तिराहा (शहडोल हाइवे) से निकली वाहन रैली में ब्लॉक के समस्त मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष, कांग्रेस परिवार के वरिष्ठजन और आमंत्रित कार्यकर्ता शामिल हुए। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। त्रिमूर्ति चौराहा, धनपुरी नंबर 3 कॉम्प्लेक्स और सुभाष चौक पर स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा और संगठन की मजबूती का संदेश दिया।

### भोजन और आतिथ्य का इंतजाम

मंडलम कांग्रेस बकहो के प्रभारी इंद्र कुमार मिश्रा और मंडलम अमलाई मित्रमंडली की ओर से त्रिमूर्ति चौराहे पर स्वागत कार्यक्रम और भोजन की व्यवस्था की गई। धनपुरी नंबर 3 कॉम्प्लेक्स में शोभाराम पटेल, संतोष सिंह सेंगर और इबरार खान ने अतिथियों का स्वागत किया, वहीं सुभाष चौक पर रामेश्वर गौतम, रामसजीवन शर्मा, हरिवंश मिश्रा और सुरेंद्र मिश्रा जैसे वरिष्ठ नेताओं ने मंच संभाला।

### कांग्रेस का संगठनात्मक तालमेल

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के साथ शहडोल से कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें जिला उपाध्यक्ष प्रभात पांडेय, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा एडवोकेट, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सिराज खान, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, जिला महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता और सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी विशेष रूप से शामिल रहे। अवस्थी के स्वागत में उमड़ी भीड़ और नेताओं की सामूहिक मौजूदगी यह साबित करती है कि संगठन आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों से पहले मजबूती के साथ मैदान में उतरने का इरादा रखता है।

### मंच पर जुटे दिग्गज

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के अलावा बलमीत सिंह खनूजा, मुबारक मास्टर, हनुमान प्रसाद खंडेलवाल, विनोद पाठक, सुजीत सिंह चंदेल, भानू दीक्षित, जनपद अध्यक्ष उमा धुर्वे, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद कलाम, अशोक सिंह, नारायण त्रिपाठी, मोहम्मद साबिर, ओंकार सिंह, जवाहर राव और हर्ष पाठक जैसे नेताओं ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वहीं, मोहन बैगा, शेखर चौधरी, लालमन चौधरी, सौरभ सिंह मनु, लीलाराम जगवानी, दीपक चौधरी, मनोज जैन, प्रशांत जैन, रतन सोनी, मो. साहिद चीनी और प्रदीप सिंह जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी भी स्वागत मंच पर सक्रिय दिखे।

### युवाओं और महिलाओं की भागीदारी

स्वागत समारोह की खास बात यह रही कि इसमें युवा नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आदित्य प्रकाश, अभिषेक द्विवेदी, चिंटू विश्वकर्मा, रणविजय सिंह और जीवन केवट जैसे युवा कार्यकर्ता जहां उत्साह से भरे नजर आए, वहीं रेखा राव और नीलम सिंह जैसी महिला कार्यकर्ताओं ने भी नेतृत्व को समर्थन देने का संदेश दिया।

### भाजपा को सीधा संदेश

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की यह भीड़ और वाहनों का लंबा काफिला कहीं न कहीं सत्ता पक्ष भाजपा को सीधा संदेश देने जैसा रहा। आगामी चुनावी वर्ष में कांग्रेस ने संगठन की ताकत का प्रदर्शन कर यह जताने की कोशिश की है कि वह चुनावी मैदान में किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं दिखना चाहती। स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि अजय अवस्थी के नेतृत्व में कांग्रेस न केवल ब्लॉक और जिला स्तर पर सक्रियता दिखाएगी बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए चुनौती बन सकती है।

### भीड़ से ताकत, संगठन से मजबूती

कांग्रेस के इस स्वागत कार्यक्रम ने स्पष्ट कर दिया कि अजय अवस्थी की अगुवाई में संगठन कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर जोर देगा, लेकिन, वास्तविक राजनीतिक परीक्षा आने वाले महीनों में तब होगी जब यह भीड़ बूथ स्तर पर वोटों में तब्दील होगी। फिलहाल बुढ़ार में हुआ भव्य स्वागत कांग्रेस के लिए उत्साहजनक शुरुआत है, लेकिन यह उत्साह संगठनात्मक मजबूती और जीत में बदल पाएगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों का शाल श्रीफल से किया सम्मान






**उमरिया।** शासन के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को सेवा निवृत्त होने के बाद पीपीओ प्रदान करते हुए कलेक्टर सभागार में शाल श्रीफल से कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सम्मानित किया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शासकीय सेवा में आने के पश्चात सेवा निवृत्त होना शासकीय प्रक्रिया है। सेवा निवृत्ति के पश्चात सभी समाज से जुड़ें,अपने घर के दायित्वों का निर्वहन करे। उन्होंने पीपीओ पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की । उन्होने कहा कि आप अपना मार्गदर्शन आगे भी देते रहें। आपके मार्गदर्शन एवं अनुभवों का लाभ मिलने पर उमरिया जिला शिखर पर पहुंच सकेगा । कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम सहित अन्य जनों ने अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर सेवा निवृत्त अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, ममता परस्ते,राजीव लोचन व्दिवेदी,राम खेलावन कोरी, उमा देवी,धर्मेंद्र नाथ शर्मा, रवीन्द्र पाठक, वंशरूप सेन, मनोज कुमार चतुर्वेदी, राम भजन प्रजापति, राम लाल प्रजापति, अनिल कुमार शर्मा, घनश्याम दास मिश्रा,राम लखन व्दिवेदी,नारायण प्रसाद रजक तथा रवि कुमार मानिकपुरी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।जिला पेंशन अधिकारी अखिलेश पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सहायक पेंशन अधिकारी सत्यवती प्रजापति, विश्वजीत पुसाम, सतेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।



# जनुसनवाई में कलेक्टर ने 79 आवेदकों की सुनी समस्यायें

**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने 79 आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा आवेदनो के निराकरण के लिए शिकायतों को संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया । जनसुनवाई में सरपंच धमोखर उशा राय ने स्कूल से अतिक्रमण हटाने, पुनियाबाई काछी ग्राम चंदवार ने भूमि का सीमांकन कराने, सोमवती सिंह राठौर लालपुर ने सहायता उपलब्ध कराने, सुखलाल सोनी ग्राम टिकुरी ने जमीन से कब्जा हटाने, हनुमानदीन गुप्ता बिलासपुर ने मकान तक जाने के लिए रास्ता दिलाने, राम सुंदर तिवारी इंदवार ने भूमि का सीमांकन कराने, टुल्ली बाई ग्राम भंगहा ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, प्रतिमा शुक्ला ग्राम बडेरी ने खाद्यान्न पर्ची दिलाने तथा बालकदास पटेल ग्राम खलौंध ने पोर्टल पर हल्का नही दिखाई देने, बुध्दा सिंह सहित ग्राम मगर के ग्रामीणों ने फर्जी समिति को निरस्त कर ग्राम के निवासी समिति व्दारा मछली पालने हेतु पटटा दिलाये जाने संबंधी आवेदन किया । जनसुनवाई में एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# मुरूम का अवैध उत्खनन करते जेसीबी जब्त



**उमरिया।** प्रभारी अधिकारी खनिज डॉ. विद्याकांत तिवारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक की टीम द्वारा खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन में 1 जे.सी.बी. मशीन इंजन सीरियल नंबर एच 00413545 जिसका चालक/ऑपरेटर चन्दा प्रसाद साहू पिता मस्तराम साहू निवासी ग्राम कौडिया तहसील चंदिया, जे.सी.बी. मालिक अनिल उर्फ सूर्य प्रताप सिंह पिता नारायण सिंह निवासी ग्राम कौआझर तहसील चंदिया तथा 1 ट्रेक्टर चेचिस नंबर पीवाय 3029 डी 568426 मय ट्राली नंबर निल को जप्त किया गया । वाहन मालिक चरका गडारी पिता सुखदेव गडारी निवासी ग्राम बांसा तहसील चंदिया जिला उमरिया (म.प्र.) खनिज मुरूम का उत्खनन करते पाये जाने से पुलिस थाना चंदिया में ख?ा करवाया गया है। प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# सीएमएचओ ने करकेली, उजान का किया भ्रमण

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही एस चंदेल ने करकेली राष्ट्र स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की । ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक रेखा वाधवानी द्वारा पोर्टल बेस्ड सॉफ्टवेयर का अवलोकन करवाया गया एवं उपस्थित स्टाफ को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए ।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शासन की योजनाओं के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए एवं आवश्यक औषधीय का इंडेंट के माध्यम से अपने-अपने स्वास्थ्य केदो में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं एएनएम आपसी समन्वय करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने हेतु निर्देश दिए गए । इसी तरह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा ग्राम उजान विकासखंड करकेली का भ्रमण कर आधार कैंप का अवलोकन किया।कैंप में उपस्थित सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं आधार ऑपरेटर के द्वारा आधार अपडेट का कार्य करते हुए पाये गये। उन्होंने कैंप में उपस्थित सभी कर्मचारियों को जल्द से जल्द आधार अपडेट करवाने के निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि जिन हितग्राहियों का आधार अपडेट हो जाता है उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाए ।

### थाना रामनगर से एएसआई सेवानिवृत्त



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** रामनगर थाना मे 31 अगस्त को पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की जीवंत मिसाल माने जाने वाले ए.एस.आई. वेद प्रकाश चंदेल सेवानिवृत्त हो गए। उनकी विदाई पर थाना परिसर में भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई थाना प्रभारी ने की। कार्यक्रम में थाना स्टाफ के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। सभी ने ए.एस.आई. चंदेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में पुलिस सेवा को केवल नौकरी नहीं बल्कि जनसेवा का दायित्व मानकर निभाया। आपकी सेवा यात्रा वर्ष 1989 में आरक्षक पद पर नियुक्ति से प्रारंभ हुई। वर्ष 1990 में आपने भील पलटन, इंदौर से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके पश्चात आपकी प्रथम पदस्थापना थाना बुढ़ार, जिला शहडोल में हुई। इसके बाद आपने ब्योहारी, देवलोद सहित विभिन्न थानों में अपनी सेवाएँ दीं। थाना रामनगर में पदस्थ रहते हुए आपकी लगन और परिश्रम को देखते हुए वर्ष 2011 में आपको प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। इसके उपरांत आपने भालूमाड़ा एवं कोतवाली अनूपपुर में उल्लेखनीय सेवाएँ दीं। वर्ष 2015 में आप सहायक उप निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होकर शहडोल ज़िले में पदस्थ हुए तथा इस दौरान आप देवलोंद थाना प्रभारी भी रहे।

# नवनिर्वाचित कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान का राजनगर में हुआ स्वागत

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** जिले के कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम कुमार चौहान उर्फ गुड्डू चौहान का जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद प्रथम नगर आगमन राजनगर में हुआ। शुक्रवार शाम कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अनूपपुर जिला कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान का भगत सिंह चौक पर जोरदार स्वागत के साथ हुआ। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरिशंकर दुबे द्वारा भगत सिंह चौक पर आयोजित सम्मान समारोह में गुड्डू चौहान का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। वह रैली के माध्यम से नगर पहुंचे गुड्डू चौहान ने और सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह एवं लोकप्रिय नेता कामरेड मारकंडेय सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इसके बाद आयोजित समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जे.पी श्रीवास्तव, नगर परिषद बनगवां (राजनगर) उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरिशंकर दुबे यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विकास यादव, रामा यादव, विक्रम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रीमन लाल केवट, ज्ञानेंद्र सिंह, संतोष यादव पुर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, संतोष मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार कोतमा से तथा अन्य नेताओं ने जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। खुद गुड्डू चौहान ने भी उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसियों का तथा स्थानीय पत्रकार साथी मीडिया जगत से उपस्थित समर बहादुर सिंह, मनोज सिंह, विजय जायसवाल, मुनेंद्र यादव, विजय जायसवाल, अमितसेन गुप्ता, पंकज कुमार शर्मा, भागीरथी कुशवाहा, का माल्यार्पण कर सम्मान किया। अपने संबोधन में गुड्डू चौहान ने कहा कि मेरा लक्ष्य पूरे अनूपपुर जिले को कांग्रेस मय बनाना है। भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल खत्म कर जनता को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। मैं किसी का सम्मान लेने नहीं, बल्कि अपने वरिष्ठजनों का सम्मान करने आया हूँ।



प्रशासन और पुलिस भाजपा की नौकरी करना छोड़ें, जनता की सेवा करें। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम जनहित में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कोतमा विधानसभा में जब कांग्रेस पार्टी सभी जगह पर चढ़ती है तो हमेशा राजनगर की वह धरती है जहां से पार्टी को हमेशा उम्मीद रहती है और राजनीतिक धरती ने हमेशा इस उम्मीद को कायम रखा है और राज नगर क्षेत्र से कांग्रेस को हमेशा बढ़त मिली है यह वही क्षेत्र रहा है जहां से मुझे हमेशा शक्ति सम्मान मिलता रहा इसलिए राजनगर धरती को मैं पुणे एक बार धन्यवाद करता हूं यहां के लोगों ने मेरा संघर्ष में बहुत साथ दिया। नगर परिषद संविलियन घोटाला में राजनगर कि जनता के पत्रकार साथियो ने मेरा बहुत साथ दिया। जो की राजनगर भगत सिंह चौक से शुरू होकर चला। लेकिन नगर परिषद बनगवां ( राजनगर) पहुंचने से पहले संख्या हजारों में हो गई। आगामी विधानसभा चुनावों में अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करना ही उनकी जिम्मेदारी है। भरे मंच में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान ने वचन दिया, कि जब भी आप लोग मुझे बुलाएंगे या आदेश करेंगे मैं आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा तथा क्षेत्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध होने वाली लड़ाई में सदैव आपके साथ खड़ा रहूंगा। हमारी पार्टी हमेशा संगठन के हिसाब से चलती है। जिसमें हमारे पार्टी के अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति भी खास होता। जितना वह मंच पर बैठे लोगों को होता है। मंच का सफल संचालन संतोष यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों में, गिरिजेश श्रीवास्तव, मनोहर जायसवाल, विपिन दुबे, बिजय साहु युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष, सिरवन सिंह पाव युवा कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष, देवाशीश सिन्हा, इमरान खान, करुणा सिंह, बंटी हुसैन, राम राघव दहिया, सद्दाम अंसारी, शहीद, संतोष पांडे, दिलीप केवट, गोपाल चौहान, पार्षद संतोष, गोविंद पनिका, संदीप पनिका, बिन्नू यादव, तिलक, विवेक सिंह, महिला सेवादल से श्रीमती रूपा श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, श्रीमती आशा रौतिया, श्रीमती गुंजन यादव, श्रीमती दुलारिया, उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### भारत आदिवासी पार्टी में सौंपे ज्ञापन

**ब्यौहारी-** भारत आदिवासी पार्टी द्वारा ब्यौहारी में राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सोपा विश्व में गिरदावरी में भ्रष्टाचार खत्म करना छोटे किसानों को पर्याप्त की वीडियो उपलब्ध कराना प्राइवेट दुकानों की जांच सहित कई मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन नया तहसीलदार सैनिक द्विवेदी को सोपा ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से लाल बहादुर नेटी, माउजर खान, एवं भारत आदिवासी पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छात्रों में अध्ययन एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने इंस्पायर योजना

**कटनी।** केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा इंस्पायर अवार्ड मानक योजना युवाओं में किया गया एक ऐसा निवेश है, जो विज्ञान के अध्ययन एवं अनुसंधान को विकसित करता है। इसका उद्देश्य बच्चों में विज्ञान का बीज बोना, उसका पोषण करना, उन्हें प्रोत्साहित करना, रुचि बढ़ाना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना है। स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से इंस्पायर अवार्ड मानक योजना प्रदेश के सभी शासकीय तथा अशासकीय माध्यमिक हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विज्ञान, अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय (सेंट्रल स्कूल), नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं केन्द्र सरकार के अन्य विद्यालयों में लागू है। योजना में कक्षा-6 से 10वीं तक नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी पुरस्कार के लिये पात्र होते हैं। इस कार्यक्रम के जरिये देशभर के 5 लाख विद्यालयों के स्कूली बच्चों प्रत्येक विद्यालय से दो सर्वश्रेष्ठ विचार के मान से लगभग 10 लाख नवाचारों को प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश के करीब 62 हजार 124 विद्यार्थियों के आइडियाज भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किये गये।

### 6 सितंबर तक यूजी और पीजी के लिए विशेष सीएलसी चरण

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय,अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए ₹पहले आओ-पहले पाओ₹ के आधार पर 6 सितंबर तक विशेष सीएलसी चरण होगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए, यह प्रवेश का अंतिम चरण है। समस्त प्रवेश ₹पहले आओ-पहले पाओ₹ के आधार पर प्रदान किए जायेंगे और यह सुविधा केवल रिक्त सीटों के लिए ही होगी। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी के लॉगिन एवं महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित होंगी। पंजीकृत विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय में सीधे प्रवेश शुल्क जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी जिस महाविद्यालय में प्रवेश चाहते हैं, वहां सीट रिक्त होने पर सीधे महाविद्यालय पहुँच कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी, प्रवेश के विषय में समस्त जानकारी अथवा अन्य किसी समस्या के लिए संबंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं। नवीन पंजीकृत विद्यार्थी, केवल एक महाविद्यालय में पंजीयन करा सकेंगे। विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर वेरिफिकेशन के बाद, शुल्क जमा कर उसी दिन प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। मेजर, माइनर के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पात्रता, विश्वविद्यालय अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे। समस्त सम्बंधित प्राचार्यों को विश्वविद्यालय से समन्वय कर इनके पात्रता निर्धारण की कार्यवाही करनी होगी।

### गांव गांव में आबाद है शराब की अवैध पैकारियां, जिम्मेदार जानकर भी मौन

**बरही।** बरही नगर व ग्रामीण अंचलों में आबकारी नियमों को ताक में रखकर गांव गांव शराब का अवैध कारोबार हो रहा है। बरही क्षेत्र के गांवों में शराब का अवैध व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों गांवों में देशी व अंग्रेजी शराब खुलेआम बिक रही हैं।

## नगर के मुख्य मार्गों में निकले गये दुपहिया वाहन रैली में सम्मिलित हुये कांग्रेसी

# जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत में कांग्रेसजनों का उमड़ा सैलाब





जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के बुढार नगरागमन पर कांग्रेस जनों ने पूरे उत्साह के साथ पुष्पहार से स्वागत किये और दुपहिया वाहन रैली नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर निकाली गई।

बुढार।

शहडोल जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी संभागीय मुख्यालय से कांग्रेस जनों के साथ सोमवार को अपरान्ह बुढार पहुंचे जहां कांग्रेस तथा युवा कांग्रेस जनों ने बाजे-गाजे के साथ अगुवानी करते हुये पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार करते हुये नारेबाजी के मध्य भव्य आत्मीय स्वागत किया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता - हनुमान खंडेलवाल, मुबारक मास्टर,बलमीत सिंह खनूजा, कमलेश शर्मा, सुजीत सिंह चंदेल,भानू दीक्षित,मो आजाद,नौशेरमा खान,राजीव शर्मा, राजेश चमड़ियां,अरविंद नायक ने मारुति नंदन पेट्रोल पंप स्थल पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी का कांग्रेस जनों की भारी उपस्थिति में पुष्पहार से स्वागत किया।

### जगह जगह स्वागत

जिलाध्यक्ष के नगर प्रवास के दौरान नगर के जैतपुर चौराहे, लोहिया चौंक, नगर परिषद चौंक, कालेज तिराहे एवं आजाद चौक में जेसीबी से फुल की वर्षा कर कांग्रेस जन ने स्वागत किया। नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष के बुढार आगमन पर कांग्रेस जनों तथा युवा कांग्रेस जन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढार के अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में स्वागतार्थ बाइक रैली के आयोजन में सम्मिलित हुये और कांग्रेस पार्टी के लहलहाते झंडे व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी संघर्ष करो, हम आपके साथ है के नारे तथा जय कांग्रेस, विजय कांग्रेस के नारों का उद्घोष करते हुये युवा ऊर्जावान संघर्षशील नेता अजय अवस्थी के साथ दो पहिया वाहनों में सवार होकर नगर के जैतपुर मार्ग, अमलाई चौक, बस स्टैंड, कॉलेज मार्ग होते हुये धनपुरी को प्रस्थित हुये इस अवसर पर नगर में जगह-जगह नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष का स्नेहियों ने आत्मीय स्वागत किया।

### लड्डूओ से तौला गया

नवागत कांग्रेस जिलाध्यक्ष को कालेज तिराहे पर 79 किलों लड्डुओं से अभिनंदन होटल के संचालक कमल जैन के द्वारा तोला गया और पुष्प मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। दुपहिया वाहन रैली तथा स्वागत अभिनंदन अवसर पर - पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष मुबारक मास्टर, पूर्व पार्षद अशोक सिंह, मनोज जैन, इकबाल अहमद, पार्षद शाहिद खान, हर्ष पाठक, मोहन बैगा, सनाउल्ला,खान रतन सोनी, लालमन चौधरी, दिलीप सोनी, मो. कुद्दूस, पुष्पेंद्र शर्मा, कुंज बिहारी द्विवेदी सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस जन सम्मिलित रहे। नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी ने स्वागत अभिनंदन अवसर पर कहाकि - कांग्रेस पार्टी ने जिस आशा व विश्वास के साथ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुये पार्टी के केंद्रीय व प्रान्तीय नेतृत्व की आशाओं के अनुरूप तत्पर रहूंगा तथा संगठन को ऊंचाइयां दिलानें पूरे निष्ठा व समर्पण भाव से दायित्व निर्वहन में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 65 आवेदकों की सूनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 65 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में अनूपपुर नगर के पटौराटोला वार्ड नं. 02 निवासी श्रीमती संतोषी सिंह गोंड़ ने पुत्री के विवाह हेतु सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम ठोड़ीपानी तहसील जैतहरी के श्री राम सिंह ने भू-अधिकार पुस्तिका बनवाए जाने, ग्राम करपा तहसील पुष्पराजगढ़ की सुखवरिया बाई ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने, ग्राम खोलइया विकासखण्ड जैतहरी के रविन्द्र कोल ने उच्च शिक्षा हेतु सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम चंदवार तहसील अनूपपुर के गौरव द्विवेदी ने ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के संबंध में तथा अन्य आवेदकों ने पट्टे की भूमि का सीमांकन व नक्शा तरमीम कराने, प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाए जाने व समग्र आईडी में सुधार कराए जाने आदि के संबंध में आवेदन दिए।

# नवीन भवन का हुआ भूमि पूजन




**तीन करोड़ 96 लाख की लागत से बनेंगे महाविद्यालय में शैक्षणिक कछ एवं लाइब्रेरी भवन, आडिटोरियम**

ब्यौहारी

पंडित राम किशोर शुक्ला शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय नवीन भवन का भूमिपूजन क्षेत्र के विधायक शरद को ल ने किया एवं महाविद्यालय को कई सौगातें दीं जो क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है इस भवन के बनने से पीजी कक्षाओं की सभी संकाय खुलने का रास्ता साफ हो जाएगा नवीन भवन 3 करोड़ 69 लख रुपए से बनकर तैयार होगा जिसमें लाइब्रेरी ऑडिटोरियम एवं शैक्षणिक कक्ष शामिल है भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री कृष्ण गुप्ता नगर परिषद अध्यक्ष, आकांछी सिंह जनपद अध्यक्ष, विनय गुप्ता मंडल अध्यक्ष, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके तिवारी, आरसी त्रिपाठी प्रोफेसर ,वंश बहादुर सिंह एवं समस्त क्षेत्र की स्टाफ उपस्थित रहा।

## ब्यौहारी में गणेशोत्सव धूम




### लक्ष्मीनारायण मंदिर गणेश उत्सव समिति वार्ड में 15 भव्य भगवान गणेश जी विराजमान

**ब्योहारी।** ब्योहारी नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड 15 में लक्ष्मीनारायण मंदिर गणेश उत्सव समिति के द्वारा भगवान गणेश जी विराजमान हैं जहां नगर का मध्यम हृदय स्थल कहां जाता है जबकि नगर परिषद का बहुत बड़ा वार्ड है साथ अधिकांस व्यापारियों की आस्था जुड़ी है यहां पर रोज कि दोनों समय पूजा व आरती होती हैं तथा सभी व्यापारी आस्था से आरती में शामिल होते हैं वहां उपस्थित लोगों के द्वारा भगवान गणेश जी कि पाठ किया जाता है और गीत संगीत मंडली के द्वारा भक्ति गीत व जागरण करते हैं साथ ही भगवान गणेश जी के भगवान शंकर व माता पार्वती जी के गीत संगीत गाय जाते हैं भगवान गणेश जी को लड्डू व मोदक के साथ फल मेवा का भोग के बाद प्रसाद का वितरण होता है आज कल एक धुन चलता है कि गणपति बप्पा मोरया के गीत चलते हैं हर गणेश जी के पंन्डाल में राजा चौक बनसुकली चौराहा भगवान गणेश जी विराजमान हैं समिति के द्वारा रोज दिन पूजा भव्य आरती के भगवान गणेश जी के गीत संगीत किया जाता है अब तो मोहल्ला वाले लोगों के द्वारा भगवान गणेश जी के पंन्डाल में जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और धार्मिक कार्य वहीं मनाया जाता हैं।

## विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार अभियान किया जा रहा संचालित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रदेश में स्कूल के विद्यार्थियों के आधार कार्ड स्कूल में ही तैयार करने और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को सुगम बनाने के लिए "विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार" अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में अब सभी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को पोर्टल पर अपने विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों के एमबीयू को और सुगम बनाने के लिए, यूआईडीएआई और भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की तकनीकी टीमों ने पोर्टल के माध्यम से यह नया समाधान लागू किया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करना है, जिसमें उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और तस्वीर शामिल हैं। अपडेटेड आधार विद्यार्थियों के लिए स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं जैसी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्राचार्यों को निर्देश जारी किये हैं कि वे इस पोर्टल का उपयोग कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों के आधार अपडेट सुनिश्चित करें। विद्यार्थी इस अभियान के तहत स्कूलों में आयोजित शिविर या निकटतम आधार सेवा केंद्र पर जाकर अपने एमबीयू पूर्ण कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आधार में पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क है। सात वर्ष से अधिक आयु होने पर शुल्क लागू होगा। दूसरा एमबीयू 15 वर्ष की आयु पर आवश्यक है। तीसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच निःशुल्क है, लेकिन 17 वर्ष के बाद शुल्क लागू होगा। यह अभियान विद्यार्थियों को समय पर आधार अपडेट की सुविधा प्रदान कर उनकी शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया को और सरल बनाएगा।

# पॉलिटेक्निक मार्ग में 6 पहिया वाहन के प्रवेश को रोकने लगाई गई लोहे की रेलिंग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं सुधारात्मक कार्यवाही के संबंध में जिला सड़क सुरक्षा समिति अनूपपुर की बैठक कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में संपन्न। बैठक में लिए गए निर्णय के परिपेक्ष्य में नगर पालिका अनूपपुर द्वारा अंडर ब्रिज की ओर से पॉलिटेक्निक कॉलेज जाने वाले रास्ते में 6 पहिया वाहन प्रवेश को रोकने हेतु लोहे की रेलिंग लगाई गई है। सड़क सुरक्षा के दृष्टि से उक्त सुधारात्मक कार्यवाही स्वागत योग्य है। इससे पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों तथा आसपास के रहवासियों को सुविधा होगी।

# विकारी भावों को अंदर से हटाएं एवं प्रभु के लिए समर्पण भावना रखें : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जैन बोर्डिंग हाउस परिसर में पर्वराज पर्यूषण पर्व के अवसर पर आचार्य शांतिसागर विद्या संस्कार केन्द्र पाठशाला के नन्हे-मुन्नें बच्चों द्वारा धार्मिक नाटक प्रस्तुत किये गये जिसकी उपस्थितजनों ने सराहना की कार्यक्रम का संचालन मंजू दीदी, रूची दीदी द्वारा किया गया। दिग.जैन सोशल गुरप मैन द्वारा भजन प्रतियोगिता का अनूठा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका संचालन संजय सिंघई एवं ब्रजेश जैन द्वारा किया गया। चार्तुमास समिति के संयोजक द्वय सिंघई पंचम जैन,अरविन्द्र जैन ने शांतिधारा करने का सौभाग्य सि. पदम कुमार विन्नी जैन पीयूष एवं सिंघई मनोज कुमार अंकित जैन लल्लन परिवार को प्राप्त हुआ। अर्घ चढ़ाने का सौभाग्य, हाउसिंग बोर्ड पाठशाला की शिक्षिकाओं एवं बालकों द्वारा तथा दिग.जैन सोशल ग्रुप रायल के सदस्यों द्वारा किया गया। महावीर कीर्ति स्तभ में विश्व शांति हेतु युवाओं द्वारा 24 घंटे का णामोकार महामंत्र का अखण्ड पाठ रखा गया।

## बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत 27 हजार से अधिक हुए थे आवेदन

# लाडली बहना कर रही पक्के आवास का इंतजार, आवेदन लेकर भूल गए जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



### योजना को लेकर ये था खास

-लाड़ली बहना आवास योजना में राज्य सरकार जरूरतमंद महिलाओं को पक्के घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता।
-लाड़ली बहनों को मकान बनाने के लिए मिलते 1 लाख 30 हजार रूपये।
-पात्र महिलाओं को यह राशि तीन किस्तों मे होती जारी!
- पहली किस्त के रूप में 25 हजार रुपए,दूसरी किस्त में 85 हजार रूपए और तीसरी व अंतिम किस्त में 20 हजार रुपए।

लाडली बहनों को पक्का मकान देने के लिए सरकार ने लाडली बहना आवास योजना की भी घोषणा की। विधानसभा चुनाव के पूर्व किया गया भाजपा सरकार का यह वादा अभी तक पूरा नहीं हो सका है जिस कारण जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्रामीण अंचल में रहने वाली 27 हजार से अधिक लाड़ली बहना को अपने लिए आवास का इंतजार है। ये वो महिलाएं है, जिन्होंने सितंबर 2023 में लाड़ली बहना आवास योजना की शुरूआत होने के बाद जनपद क्षेत्र में शामिल पंचायतों में आवेदन दिए थे। शासन के आदेश थे तो पंचायतों ने आवेदन तो ले लिए, लेकिन इसके बाद से अब तक योजना में कोई गति नहीं हुई है। महिलाओं का मानना है कि सरकार चुनाव बाद इस घोषणा को भूल चुकी है।

बहोरीबंद जनपद अंतर्गत 27 हजार 657 महिलाओं ने इस योजना में आवेदन दिया था। ये आवेदन उन महिलाओं ने दिया था, जो आवासहीन महिलाएं है व स्वयं के लिए मकान के लिए चक्कर काट रही है। लाड़ली बहना आवास योजना विधानसभा चुनाव के बाद अब खटाई मैं पड़ती नजर आ रही है। जिन आवासहीन महिलाओं ने पंचायत के माध्यम से आवेदन किए थे, उनकी उम्मीद भी अब दम तोड़ती नजर आ रही है।क्योंकि विधानसभा चुनाव के सालभर हो गए है। लाड़ली बहना आवास को लेकर कोई भी जानकारी शासन स्तर से ग्राम पंचायतों को नही मिली है। महिलाएं ग्राम पंचायतों के चक्कर लगा रही है और सचिवों से आवास योजना मैं नाम आने के जानकारी पूछ रही है लेकिन जब सचिवों के द्वारा बतलाया जा रहा है की अभी नाम नही आया तो उन्हे खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। आवेदन करने वाली लाडली बहनों ने बताया कि मकान की सुविधा को लेकर आवेदन किया था ।अब तक आवेदन के बाद कोई सूचना तक नहीं दी। तब से अब तक ग्राम पंचायतों मैं जितनी बार जाकर सवाल करते है, कोई सही से जवाब तक नहीं देता है। डेढ़ साल बाद भी महिलाएं योजना की राशि का इंतजार कर रही है।

जनपद के अधिकारियों के अनुसार बहोरीबंद जनपद मैं बड़ी तादाद में पहली बार आवास के लिए 27 हजार 657 आवेदन प्राप्त हुए थे। योजना की गतिविधि सुस्त पड़ गई है, उससे अब लोगों की आवासहीन महिलाओं की उम्मीद भी समाप्त होने लगी है।

### अक्टूबर तक भरे थे आवेदन

इस योजना में उन महिलाओं को आवास मिलना है, जो अंचल में रहती है व स्वयं के पास कोई आवास नहीं है। पंचायतों में ही लाडली आवास योजना का लाभ महिलाओं को दिया जाना है। इसके लिए इसके लिए योजना की शुरूआत 17 सितंबर 2023 को हुई व 5 अक्टूबर 2023 तक आवेदन लिए।

अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों के पास कच्चा मकान या आवास नहीं है, उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। हालांकि बताया जा रहा है कि बजट के अभाव मे योजना अटकी पड़ी हुई है।

### इनका कहना है

ब्लाक समन्वयक पीएम आवास योजना अखिलेश वर्मा का कहना है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना में नियम अनुसार पंजीयन किए। पंजीयन के बाद अब हमे शासन से इसके लिए गाइड लाइन का इंतजार है।जैसे शासन स्तर से कोई दिशा निर्देश आते है अमल किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अमरकंटक में सीवर लाइन लीकेज से लोग परेशान

**अमरकंटक।** अमरकंटक के निवासियों को पिछले एक साल से सीवर लाइन के लीकेज की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड क्रमांक (वार्ड नंबर) में मुख्य सीवर चैंबर एक कुएं के पास स्थित है, जिससे लगातार सीवर का गंदा पानी रिस रहा है। इस लीकेज ने न केवल दुर्गंध और गंदगी फैलाई है, बल्कि पीने के पानी को भी दूषित कर दिया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सीवर का गंदा पानी रिसकर पीने के पानी की लाइन में मिल रहा है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बना हुआ है। लोग कई महीनों से दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। कई बार शिकायतें करने के बावजूद, नगर परिषद या संबंधित अधिकारियों ने इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया है। एक स्थानीय निवासी ने बताया, हम पिछले एक साल से इस समस्या से जूझ रहे हैं। सीवर का पानी हमारे घरों के पास जमा हो रहा है, जिससे जीना मुश्किल हो गया है। बच्चों को बीमारियां होने का डर है और पीने का पानी भी सुरक्षित नहीं है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, अमरकंटक के नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता नगर प्रशासन से तत्काल इस समस्या का समाधान करने की अपील करते हैं। सीवर चैंबर को तुरंत दुरुस्त किया जाना चाहिए और पीने के पानी की लाइन की जाँच कर उसे सुरक्षित बनाने के उपाय किए जाने चाहिए। नगर वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो उन्हें आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी के लिए टीमों का पंजीयन 15 सितंबर से

**अनूपपुर।** जिले के विधानसभा पुष्पराजगढ़ में विंध्य क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नर्मदांचल वीर युवा संगठन पुष्पराजगढ़ द्वारा किया जा रहा है, बता दे की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमगवां में देश कोने-कोने से फुटबॉल खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में सम्मिलित होते हैं और यह फुटबॉल टूर्नामेंट निरंतर पिछले कई वर्षों से चल रहा है। इस टूर्नामेंट का आयोजन अनूपपुर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं फुटबॉल खिलाड़ी हीरा सिंह श्याम एवं मित्र मंडली द्वारा किया जा रहा है। इस फुटबाल टूर्नामेंट में सम्मिलित होने के लिए टीमों का पंजीयन 15 सितंबर से 30 सितंबर तक होगा जो भी टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेना चाहती है, वह अपना पंजीयन करवा सकते हैं। टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला जीतने वाली टीम को प्रथम विजेता के रूप में पुरस्कार की राशि 51 हजार रुपए एवं द्वितीय विजेता टीम को 25 हजार रुपए निर्धारित की गई है।

### जिले में 2.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 2.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र कोतमा में 8 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 6.8 मिली मीटर तथा अमरकंटक में 5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर तथा बेनीबारी में निरंक वर्षा दर्ज की गई।

### 40 हजार रुपये के आर्थिक सहायता के आहरण की मंजूरी

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ग्राम किरगी तहसील पुष्पराजगढ़ निवासी गणेश प्रसाद गुप्ता को उपचार हेतु मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

## सामाजिक सेवा के साथ गौ सेवा को युवाओं ने बनाया जीवन का उद्देश्य

# शिव मारुति युवा संगठन ने अब तक 570 गौवंशों का किया उपचार

### बिना सरकारी मदद के चला रहे गौशाला, बचत और समर्पण से चल रही सेवा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला मुख्यालय में शिव मारुति युवा संगठन के कार्यकर्ता बीते तीन वर्षों से बिना किसी शासकीय मदद के गौवंश संरक्षण और सेवा का कार्य कर रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष बृजेश राठौर के नेतृत्व में 30 से अधिक युवा कार्यकर्ता घायल एवं बीमार गौवंश की देखभाल कर रहे हैं। अब तक 570 गौवंश का उपचार कर उन्हें नई जिंदगी दी जा चुकी है। संगठन की शुरुआत वर्ष 2023 में तब हुई जब नगर के कुछ युवाओं ने सामतपुर तिराहे के पास सड़क पर घायल अवस्था में पड़ी एक गाय को अपने निजी खर्च से उपचार दिलाया। धीरे-धीरे लोग जुड़ते गए और आज यह संस्था अनूपपुर में गौसेवा का बड़ा केंद्र बन गई है। टीम ने घायल व बीमार पशुओं के लिए निजी गौशाला भी संचालित कर रखी है। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें स्वस्थ होने तक रखा जाता है और जरूरत पड़ने पर शहडोल की गौशालाओं में भेजा जाता है।





#### सिर्फ गौसेवा ही नहीं, अन्य सामाजिक कार्य भी

संगठन के सदस्य समाज सेवा में भी अग्रणी हैं। अब तक 250 पौधे लगाए, 123 मरीजों को रक्तदान किया, गौ रक्षा के लिए 1500 से अधिक रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट बांटे और सर्दी में रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर खुले आसमान तले सो रहे 150 से अधिक मुसाफिरों को कंबल वितरित किए। गर्मी के मौसम में नगरभर में 400 से अधिक नाद (जलपात्र) भी रखे गए ताकि मवेशियों को पेयजल की समस्या न हो।


#### बचत और समर्पण से चल रही सेवा

अध्यक्ष बृजेश राठौर, उपाध्यक्ष राहुल अग्रहरि, सचिव इशाक केशरवानी, कोषाध्यक्ष प्रथमेश केशरवानी समेत प्रदीप सिंह, सुशील राठौर, मनीष राठौर, मनीष गौतम, शिवांशु रंजन, प्रवीण रजक, अंश गुप्ता, उत्कर्ष कोरी, विशाल अग्रहरि, राज रौतेल, बबलू नापित एवं विपुल गुप्ता जैसे युवा सदस्य अपनी मेहनत की कमाई से यह सेवा कार्य चला रहे हैं। दुर्घटना की सूचना मे तत्काल सक्रिय दुर्घटना की सूचना मिलते ही नजदीकी सदस्य तत्काल मौके पर पहुंच जाता है और फिर आपसी सहयोग से इलाज व देखभाल का जिम्मा उठाया जाता है। संगठन का कहना है कि यह कार्य आगे और व्यापक रूप ले रहा है क्योंकि निरंतर नए लोग सेवा की इस श्रंखला से जुड़ते जा रहे हैं।

# 30 किलोमीटर का रास्ता तय कर औढेरा के जंगल पहुंचा हाथी

### 30 किलोमीटर का रास्ता तय कर औढेरा के जंगल पहुंचा हाथी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




एक अकेला नर हाथी सोमवार की शाम कठौतिया के जंगल से वन परिक्षेत्र बुढार के विभिन्न ग्रामों से लगे जंगल से निकलता हुआ लगभग 30 किलोमीटर का रास्ता तय करते हुए मंगलवार की सुबह अनूपपुर के औढेरा के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है। यह हाथी रात के समय जंगल से लगे ग्रामो टोला में पहुंचकर ग्रामीणों के घर, खेत एवं बांडियों में लगे, रखें विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बनाया है। एक अकेला नर हाथी मंगलवार को 12वें दिन जिले के साथ बुढार क्षेत्र में विचरण करता हुआ अनूपपुर तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के किरर बीट के औढेरा ग्राम से लगे जंगल में पहुंचा है यह हाथी सोमवार की सुबह वन परिक्षेत्र अहिरगवां के कठौतिया पूर्व के जंगल में दूसरे दिन ठहरने बाद देर शाम एवं रात को जंगल से निकलकर शहडोल जिले के बुढार इलाके के शिलपरी गांव के ऊपर जंगल में बसे बैगा बाहुल्य दलान टोला में एक घर में तोड़फोड कर ददराटोला से सोनहा में एक ग्रामीण की बाड़ी से बदरचुई, खोह से अनूपपुर थाना, तहसील एवं वन परिक्षेत्र के बड़हर गांव से किरर बीट के जंगल जो औढेरा गांव से लगा है जहां विश्राम कर रहा है। यह हाथी सोमवार की शाम कठौतिया पूर्व बीट के जंगल से निकलने के बाद मंगलवार की सुबह के मध्य तेज गति से चलते हुए लगभग 30 किलोमीटर का रास्ता तय किया है। यह हाथी के तेज गति से जंगल के अंदर ही अंदर से चलने के कारण वनविभाग का निगरानी दल की नजर तक से ओझल हो जाता रहा, विभिन्न ग्रामों के टोला मोहल्ला में अचानक पहुंचने पर ग्रामीण जनों ने हो-हल्ला कर इस हाथी को अपने इलाके से बाहर करते हुए वनविभाग को सूचना दी, वनविभाग के द्वारा पूर्व में ही आए चार हाथियों के इसी रास्ते से लौटने के कारण ग्रामीणों को इस हाथी के उसी रास्ते से आने की संभावना को देखते हुए एक दिन पूर्व से ग्रामीणों को सूचित कर सचेत एवं सतर्क रहने की बात कही रही।

## कन्या आवासीय छात्रावास के प्राचार्य फूल सिंह पट्टावी हुए सेवानिवृत, लोगों ने दी शुभकामनाएं

### 39 वर्ष से अधिक की सेवा देकर रचा कीर्तिमान, विद्यालय के लिए दिए अभूतपूर्व योगदान



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एक शिक्षक का जीवन उसका विद्यालय और उसके छात्र होते हैं वह पूरा जीवन उन छात्रों को संवारने और उनका भविष्य बनाने में लगा देता है जो आगे चलकर देश का भविष्य बनते हैं। जी हां यह एक शिक्षक ही होता है जो अपने जीवन कार्यकाल में देश के भविष्य अर्थात छात्रों को संवारने में लगा देता है। आज एक ऐसा ही शख्स जो अपने जीवन के लगभग 39 वर्ष शिक्षक की कर में दिया है और अपना पूरा जीवन शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों के भविष्य को सुधारने में लगा दिया और अपनी अर्धवार्षिकिए सेवा पूर्ण कर 31 अगस्त को अपने पद से सेवानिवृत हुए हैं। जिला मुख्यालय में संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर में पदस्थ प्राचार्य फूल सिंह पट्टावी जो एक सहायक शिक्षक से अपना सफर शुरू करते हुए प्रथम श्रेणी प्राचार्य तक का सफर पूरा किया है। उन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया और उन चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए वह लगातार आगे बढ़ते रहे। उनके साथ काम करने वाले कई शिक्षकों ने बताया कि उनका व्यक्तित्व ही इतना सरल और सहज है कि जो व्यक्ति उनके साथ रहता है वह उन्हीं की तरह हो जाता है। आपको बता दें कि श्री पट्टावी अपने 39 साल के कार्यकाल में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों में अपनी सेवाएं दी है वर्तमान में वह शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर में 2021 से अपनी सेवाएं प्राचार्य पद पर दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा परिसर में न केवल शिक्षा के स्तर को सुधार बल्कि वहां के वातावरण और पूरे परिसर को ही बदल डाला। प्राचार्य के निर्देशन और कुशल मार्गदर्शन पर लगातार विद्यालय का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा और लगभग शतप्रतिशत के करीब परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि हमेशा अधिकारी बनकर काम नहीं करना चाहिए यदि अपने सहयोगियों से काम करवाना है तो हमें भी उनके साथ खड़े होना होगा और उन्हें अपना सहयोगी बनना होगा तभी हम किसी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। विदा होते हुए श्री पट्टावी ने कहा कि जीवन में कभी भी किसी चुनौती से घबराना नहीं चाहिए चुनौती निश्चित तौर पर आपके समक्ष एक अवसर लेकर आता है और आप उसे अवसर को किस तरह से अपनी उपलब्धि के तौर पर बदल देते हैं यह आपकी कार्यशैली और आपकी योग्यता को दर्शाता है। विद्यालय में आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिले भर के विभागीय अधिकारी पदाधिकारी प्राचार्य शिक्षक एवं श्री पट्टाबी के परिवार के सदस्य शामिल हुए। और सभी ने विदा हो रहे प्राचार्य को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ समेत छात्रों ने बैंड बाजे की धुन में समा ही बांध दिया। किसी को लगा ही नहीं की यह विदाई कार्यक्रम है बल्कि यह तो एक सम्मान समारोह कार्यक्रम रहा और विद्यालय के समस्त स्टाफ और बच्चों ने कहा कि आप हमारे हमेशा प्राचार्य रहेंगे और आपका मार्गदर्शन हमें हमेशा मिलता रहेगा।



## पवित्र नगरी अमरकंटक में चोरी का असफल प्रयास, दुकानदार सहमे

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक के आतिथेयम यात्रिका निवास के नीचे स्थित शॉपिंग सेंटर नंबर 4 और 5 में मंगलवार तड़के (2 सितंबर 2025) लगभग 4 बजे अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। चोरों ने अभय ज्वेलर्स और माँ रेवा किराना एवं जनरल स्टोर की दुकानों के शटर के ताले तोड़ दिए, लेकिन किसी वजह से चोरी को अंजाम देने से पहले ही मौके से फरार हो गए। अनुमान है कि लगभग 4-5 चोर एक चौपहिया वाहन में आए थे और महज चार मिनट में घटना को अंजाम देकर भाग निकले। सुबह दुकानदारों के दुकान खोलने पर टूटा हुआ ताला देखकर घटना की जानकारी हुई। यह पूरी वारदात पास की श्री कलेक्शन कपड़े की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो चोर बोरी में औजार लेकर ताला तोड़ते और दो चोर वाहन में निगरानी करते दिखाई दे रहे हैं। दुकान मालिक अभय नायक और संदीप ज्योतिषी ने घटना की लिखित सूचना स्थानीय पुलिस को दी है और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र के व्यापारी भयभीत हैं और त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## अटल अलंकार से अलंकृत हुये जनसंघी

# जनसंघ के जमाने के साथियों का घर पर जाकर किया सम्मान

### भाजपा रूपी विशाल वट वृक्ष की जड़ हैं हमारे वरिष्ठ-धीरज पटेरिया

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज पटेरिया प्रदेश भर में चल रही अपनी अटल अलंकार यात्रा के तहत मंगलवार को अनूपपुर पहुंच जनसंघ के समय से जुड़े अटल जी के समकालीन स्थानीय नेता, कार्यकताओं का सम्मान किया। सम्मान करते हुए श्री पटेरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये बुजुर्ग ही वो माली हैं जिन्होंने आज इस भाजपा रूपी विशाल वृक्ष को अपने पसीने से सींच कर तैयार किया है। आज भाजपा की ना केवल देश, प्रदेश में सरकार है बल्कि वो विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है जो इन बुजुर्ग कार्यकताओं की बदौलत है। आज इनके घर जाकर, मिलकर, इनका आशीष पाकर हममे ना केवल ऊर्जा का संचार हो रहा है बल्कि हम गौरवान्वित है और स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। जिला मुख्यालय मे लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल, घनश्याम दास गुप्ता, गजाधर पटेल को अटल कार्यकर्ता सम्मान से अलंकृत करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल से आए अटल स्मृति समिति से भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया ने यह सम्मान उन्हें उनके निवास पर पहुंचकर दिया। बताया गया कि भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी के अवसर पर रजत पत्र लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल को दिया गया। रजत पत्र में उल्लेख किया गया कि संगठन के विभिन्न दायित्वों को समर्पित कार्यकर्ता के रुप मे आपकी दशकों की अनवरत यात्रा संगठन की निष्काम भाव से सेवा के लिए आपको "अटल कार्यकर्ता" सम्मान से अलंकृत करते हुए हम गौरवान्वित हैं। "अटल कार्यकर्ता सम्मान" कार्यक्रम के तहत श्री पटेरिया आज शहडोल व उमरिया प्रवास पर रहेंगे।

#### कोतमा पहुंचकर जनसंघ के जमाने के नेता व कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

अनूपपुर प्रवास के दौरान कोतमा विधानसभा में "अटल कार्यकर्ता सम्मान" कार्यक्रम में जनसंघ से भाजपा तक निरंतर सक्रिय रहते हुए समाज एवं संगठन के लिए समर्पित योगदान देने वाले अनूपपुर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत जैन के निवास पर स्वागत कर उनके अनुभव और मार्गदर्शन को प्राप्त किया व उनके दीर्घ राजनीतिक एवं सामाजिक संस्करण सहित अटल जी की कविता सुनाई इस अनुभव से कार्यकर्ताओं एवं युवा पीढ़ी को नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त की। इस अवसर पर जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम, मंडल अध्यक्ष कोतमा पुष्पेंद्र जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लवकुश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष हनुमान गर्ग, पूर्व जिला मंत्री विजय पांडे, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी ऋषभ चंदेरिया, जिले के युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, पूर्व जिला मोर्चा मंत्री जितेन्द्र भट्ट, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील गौतम, पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन सिरौतिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनेश्वर पांडे, पूर्व मंडल महामंत्री रज्जन शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा, मंडल मंत्री रुक्मणी चक्रवर्ती, रत्नेश उपाध्याय, संदेश जैन, नीरेंद्र जैन, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, शैलेंद्र ताम्रकार, राजेश प्रजापति, बिजुरी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, राजकुमार पांडे, मंडल कोतमा मीडिया प्रभारी दीपेश जैन, पूर्व मंडल मंत्री संदेश जैन, अभिषेक जैन, राहुल जैन सहित कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने भूकंप रोधी निर्माण संरचना पर तीन दिवसीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

### तुलसी महाविद्यालय में 4 सितंबर तक कार्यशाला का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि आज के दौर में सुरक्षित निर्माण की दिशा में जागरूकता और तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं मानकों के अनुरूप भवन निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भोपाल से आए आपदा प्रबंधन टीम द्वारा भूकंपरोधी निर्माण संरचना पर आयोजित कार्यशाला भविष्य में सराहनीय भूमिका निभाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में आयोजित भूकंप रोधी निर्माण संरचना कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर श्री पंचोली ने इंजीनियरों, आर्किटेक्ट्स, तकनीशियनों तथा निर्माण कार्य से जुड़े सभी अधिकारी एवं इंजीनियरों से कहा कि इस कार्यशाला में वे अपने कार्यों में भूकंपरोधी तकनीकों को अनिवार्य रूप से सीखें तथा उपयोग करें ताकि आमजन की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि आपदाओं की रोकथाम केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी भी जरूरी है। कलेक्टर ने भोपाल से आए आपदा प्रबंधन टीम को शुभकामनाएं दी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि भोपाल से आए आपदा प्रबंधन के विशेषज्ञों द्वारा भूकंपरोधी निर्माण संबंधी तकनीकी जानकारी अनूपपुर जिले के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का सबसे



सशक्त माध्यम सुरक्षित और वैज्ञानिक पद्धति से किया गया निर्माण है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के दौरान यदि निर्धारित मानकों और भूकंपरोधी तकनीकों को अपनाया जाए, तो जन-जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने सभी निर्माण विभागों से संबंधित इंजीनियरों एवं अधिकारियों को कार्यशाला में सहभागिता निभाते हुए भूकंप से बचाव एवं तकनीकी पद्धति को समझने की अपील की। कार्यशाला में डीएमआई सेंटर भोपाल से आए प्रशिक्षक अभिषेक मिश्रा ने बताया कि 1985 में भोपाल त्रासदी के पश्चात 1987 में आपदा नियंत्रण की स्थापना की गई। इसके पश्चात लगातार राज्य में भूकंप रोधी संरचना एवं गतिविधियों पर संस्थान द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आपदा कहीं भी कभी भी आ सकती है, आपदा के पूर्व तैयारी एवं सुरक्षात्मक उपाय करना बेहद आवश्यक होता है। इस हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में आपदा प्रबंधन से जुड़े फैकेल्टी डॉ. संदीप साहू, अंकुर विश्वकर्मा एवं तुषार गोलाईत ने आपदा प्रबंधन एवं भूकंप रोधी निर्माण संरचना से सुरक्षा एवं उपायों के संबंध में आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यशाला का शुभारंभ कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, डीएमआई केंद्र भोपाल से आए प्रशिक्षक अभिषेक मिश्रा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन) प्रभात लोरिया सहित अन्य अधिकारियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री पंचोली को स्मृति चिन्ह भी भेंट की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि 2 सितंबर से 4 सितंबर 2025 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के निर्माण विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों एवं इंजीनियरों को भूकंपरोधी निर्माण संरचना के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।